न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 101/2025 बउनवानी अकमल खॉ बनाम तहसीलदार मलारना डूँगर निवासी बेहतेड मलारना डूँगर

GCMS No-2025/ 236

Appeal Number- 321040900806804

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
17.9.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 1.8.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर "***ग्राम पंचायत बेहतेड मे ड्रोन सर्वे के बाद आबादी व गैर आबादी क्षेत्र का नक्शा एवं प्रशासन गांवो के संग अभियान मे 2019–2025 तक कितने भूखण्ड के पटटे ग्राम पंचायत द्वारा दिये गये की प्रमाणित सूचना***" तहसीलदार मलारना डूँगर से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1)के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस कमांकः विविध/आरटीआई/2025/709 दिनांक 17.9.2025 का अवलोकन करने पर पाया गया कि चाही सूचना का संबंध विकास अधिकारी पंचायत समिति मलारना डूँगर से होने के कारण लोक सूचना अधिकारी द्वारा उक्त सूचना विकास अधिकारी पंचायत समिति मलारना डूगर को अपीलान्ट को उपलब्ध करवाने बाबत लिखा जाने पर विकास अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 6972 दिनांक 1.9.2025 से सरपंच ग्राम पंचायत मलारना डूँगर को लिखा गया। विकास अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 7193 दिनांक 16.9.2025 से अवगत कराया कि सरपंच ग्राम पंचायत मलारना डूँगर द्वारा दिनांक 3.9.2025 को अपीलान्ट को चाही गयी सूचना के संबंध मे वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है । पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 1.8..2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना का संबंध ग्राम पंचायत मलारना डूँगर से होने के कारण अपीलान्ट को सूचना उपलब्ध करवाने बाबत विकास अधिकारी पंचायत समिति मलारना डूँगर को लिखा जाने पर विकास अधिकारी पंचायत समिति मलारना डूँगर द्वारा जरिये पत्रांक 7193 दिनांक 16.9.2026 से अवगत कराया कि चाही गयी सूचना के संबंध में सरपंच ग्राम पंचायत मलारना डूँगर द्वारा अपने पत्रांक ग्रा.प./2025–26/स्पे दिनांक 3.9.2025 से अपीलान्ट को चाही गयी सूचना के संबंध मे वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। यद्यपि चाही गयी सूचना के संबंध मे अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है किन्तु लोक सूचना अधिकारी द्वारा आवेदक का आवेदन पत्र अधिनियम की तय समय सीमा मे संबंधित लोक सूचना अधिकारी को अधिनियम की धारा 6(3) के तहत अन्तरित नही किया है जो खेदजनक है। अतः लोक सूचना अधिकारी को चेतावनी दी जाती है कि भविष्य मे सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर /ऑफ लाईन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर व्यक्तिगत ध्यान देकर अधिनियम की तय समय सीमा मे निस्तारण किया जावे एवं साथ ही ऑन लाईन पोर्टल नियमित खोलकर जॉच की जावे। उक्त निर्देश के साथ अपील का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। Signature Not Verified Digitally signed by Kana Ram Date: 2025.10.21 15:39:22 IST Reason: SelfAttested (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर	

Scanned with OKEN Scanner